उपकार हॉस्पिटल
वाराणसी में कैंसर का विश्वस्तरीय ईलाज
डॉ. स्वप्निल पटेल
एम.एस. (सर्जरी) एम्स दिल्ली (गोल्ड मेडलिस्ट)
एम.सी.एच. (आंको सर्जरी) टाटा कैंसर हॉस्पिटल, मुम्बई
पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर, महामना टाटा कैंसर हॉस्पिटल बी.एच.यू.
टाटा कैंसर मुम्बई एवं एम्स न्यू दिल्ली के अनुभवी कैंसर सर्जन
पूर्वांचल के एकमात्र लैप्रोस्कोपिक आंको सर्जन
बी.एच.यू. रोड सुन्दरपुर, वाराणसी 8115476767, 8188088515

... सिर्फ सच का साथ
जनमुख
वाराणसी, शनिवार, 18 जुलाई-2026
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित
● वर्ष -43 ● अंक 272 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया

श्री हरे कृष्णा ज्वेलर्स
100 % Hallmark Jewellery Showroom
Lowest Gold Rate & Lowest Making Charge
100% Exchange or Cash Back
0% Deduction on Old Gold
SUNDAY OPEN
मेनपुर : 9936105529, सुन्दरपुर : 8009091198, लहुराबीर : 8009091196
अर्दली बाजार : 9936105527, पड़ाव : 8009091199, शिवपुर : 9936105528

MOST TRUSTED NAME OF INDIA
नीरज मेहरा
वित्तीय सलाहकार
8887946338
क्या आप एक चमत्कार के बारे में जानते है ?
आप सिर्फ 300 महीने मात्र ₹3100 हर महीने निवेश करते हैं
आप पा सकते हैं पूरे ₹1 करोड
इस चमत्कार के बारे में जानने के लिए अवश्य मिले
ASSUMING COMPOUNDED ANNUAL RETURNS AT 15%P.A
Disclaimer The past performances of the mutual funds is not necessarily indicative of future performance of the schemes. Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.
neeraj.llc70@yahoo.com
www.varanasillc.com
MEHRA INVESTMENT
MEHRA INSURANCE CONSULTANCY
SPECIALIST IN
LIFE INSURANCE HEALTH INSURANCE
MUTUAL FUND AND GENERAL INSURANCE
and complete solution of your financial goals and dreams
7309577777
OFFICE NO 30 DAYAL TOWER DURGAKUND VARANASI

जंतर-मंतर से हटाये गए वांगचुक

अलसुबह पहुंची पुलिस ने बलपूर्वक पहुंचाया अस्पताल, अब अभिजीत दिपके ने शुरू की भूख हड़ताल

- पुलिस पर घसीटने और गाली देने का लगाया आरोप
- 20 जुलाई को संसद तक मार्च के लिए अपील

नई दिल्ली। दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आज सुबह साढ़े छह बजे रोज की तरह डॉक्टरों की टीम जब सोनम वांगचुक के स्वास्थ्य की रूटीन जांच करने पहुंची तो डॉक्टरों ने पाया कि उनकी स्थिति बिगड़ रही है। इस पर तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाते ही दिल्ली पुलिस के कई सीनियर अधिकारी जंतर-मंतर पर पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों ने जंतर-मंतर पर मौजूद कार्यकर्ताओं से पहले अनुरोध किया वे सोनम को अस्पताल में भर्ती कराने के लिए ले जाने दे, इनकी स्थिति बिगड़ रही है तो वो लोग नहीं माने। कार्यकर्ताओं का कहना था वे लोग उन्हें कही नहीं ले जाने देंगे। इनको जिस तरह के इलाज की जरूरत है, वो यहीं पर किया जाए। बार-बार अनुरोध करने पर जब कार्यकर्ता नहीं माने तो पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। करीब 7 बजे पारा मेडिकल की टीम ने सोनम को स्ट्रेचर पर डालकर वहां से पुलिस सुरक्षा के बीच उन्हें सफदरजंग पहुंचाया। जिस समय पुलिस सोनम को अस्पताल लेकर गई, उस वक्त दीपके वहां मौजूद नहीं थे। उस समय जंतर-मंतर पर करीब 150 लोगों की भीड़ थी। सोनम वांगचुक को जबरन अस्पताल ले जाए जाने के बाद अभिजीत दीपके ने भूख हड़ताल शुरू करने की घोषणा की। अभिजीत दीपके आज से भूख हड़ताल पर बैठेंगे। अभिजीत का दावा है कि उनके साथ मारपीट की गई, वह पुलिस की गिरफ्त से भाग कर जंतर मंतर पहुंचे। अभिजीत दिपके का कहना है कि 20 जुलाई को संसद चलो अभियान होकर रहेगा। उन्होंने लोगों से हर राज्य में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने की अपील की। अभिजीत दिपके ने कहा, 'अगर उन्हें लगता है कि सोनम सर को ले जाने से यह आंदोलन खत्म हो जाएगा, तो वे गलतफहमी में हैं। हम यहीं रहेंगे और 20 जुलाई को संसद तक मार्च करेंगे।' उन्होंने आगे कहा, 'अब तक हम धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे, लेकिन इस घृणित कृत्य के बाद अब हम पीएम नरेंद्र मोदी के इस्तीफे की मांग करेंगे।' इसके बाद कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल शुरू कर दिया है।

वांगचुक से जबरदस्ती पर डिंपल यादव ने साधा सरकार पर निशाना

लखनऊ। समाजवादी पार्टी सांसद डिंपल यादव ने सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा अस्पताल ले जाने की घटना को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा- 'बीजेपी वाले देश के लिए सफेद चादर का कफन लेकर आए हैं। जब शांतिपूर्ण आवाजो को दबाया जाता है, तो संविधान और लोकतंत्र भी आहत होते हैं। सोनम वांगचुक जैसे लोगों की आवाज दबाना, देश की आत्मा को दबाना है।'

सलमान के बाद बिश्नोई गैंग के निशाने पर आमिर!

मुम्बई। बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान को फेसबुक पोस्ट के जरिए धमकी मिलने की खबर है। हालांकि, मुंबई पुलिस के मुताबिक, न तो एक्टर और न ही उनकी टीम ने अब तक कोई शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि उन्हें मीडिया रिपोर्ट से आमिर खान को धमकी मिलने के बारे में पता चला और वे आगे की कार्रवाई करने से पहले वायरल पोस्ट की सच्चाई की जांच कर रहे हैं। आमिर को फेसबुक पर एक पोस्ट के जरिए धमकी मिली है।

एसआईआर में नाम कटने से नहीं जाएगी नागरिकता

- चुनाव और बंगाल सरकार से जवाब तलब

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने वोटर लिस्ट से नाम कटने के मामले पर चुनाव आयोग और पश्चिम बंगाल सरकार ने जवाब मांगा। आंध्र प्रदेश में कोरोना का मामला सामने आ रहे हैं। मॉर्निंग न्यूज ब्रीफ में आगे बताएंगे कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया देश में प्लास्टिक की करंसी चलाने की तैयारी में है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि SIR के बाद वोटर लिस्ट में से नाम हटने से किसी की नागरिकता नहीं जाती। नागरिकता पर अंतिम फैसला होने तक लोगों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलते रहना चाहिए। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने उस याचिका पर सुनवाई की, जिसमें मांग की गई है कि बंगाल में जिन लोगों के नाम स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के कारण कटे, उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना बंद नहीं होना चाहिए। मामले में कोर्ट ने चुनाव आयोग और पश्चिम बंगाल सरकार से जवाब मांगा है।

दस साल में डेढ़ सौ पेपर लीक

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि पेपर लीक की वजह से कई परिवारों को बहुत दुख पहुंचा है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि छात्रों की सुरक्षा और माता-पिता को न्याय दिलाने के लिए परीक्षा प्रणाली को फिर से बनाने की ज़रूरत है। गांधी ने रिया के पिता के साथ हुई अपनी बातचीत का ज़िक्र किया। रिया एक छात्रा थी जिसने कथित तौर पर NEET पेपर लीक विवाद के बाद आत्महत्या कर ली थी। गांधी ने कहा कि यह घटना कई परिवारों के दुख को दिखाती है। रिया के पिता, अपनी बेटी को खोने के बाद इतने टूट गए थे कि उन्हें देखने वाले हर व्यक्ति की आँखों में आँसू आ गए।

भारत का पहला प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट लॉन्च

कामयाबी पर प्रधानमंत्री ने दी बधाई

- विक्रम-1 रॉकेट को स्काईरूट ने ही तैयार किया

श्रीहरिकोटा। हैदराबाद की स्काईरूट एयरोस्पेस ने शनिवार 18 जुलाई को भारत का पहला प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 लॉन्च किया। यह टेस्ट पहले ही प्रयास में कामयाब रहा। विक्रम-1 को स्काईरूट ने ही तैयार किया और लॉन्चिंग भी खुद ही की। सिर्फ लॉन्चपैड इसरो का था। इसे आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन स्पेस सेंटर से दोपहर 12:05 बजे लॉन्च किया गया। पहले यह लॉन्चिंग 11:30 बजे होनी थी, लेकिन 5 मिनट पहले काउंटडाउन रोक दिया गया। कुछ देर बाद इसे दोबारा शुरू किया गया। पीएम मोदी ने स्काईरूट के फाउंडर पवन कुमार चंदना को फोन करके बधाई दी है। कंपनी ने 2022 में विक्रम-एस सबऑर्बिटल रॉकेट लॉन्च किया था, जो 89.5 km की ऊंचाई तक गया था। अब विक्रम-1 450 km की पृथ्वी की सर्कुलर निचली कक्षा तक पहुंच गया है। इसे भारत के स्पेस सेक्टर के लिए बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। भारत के पहले प्राइवेट तौर पर विकसित 'विक्रम-1' के लाचिंग मौके पर प्रधानमंत्री इसे देश के लिए 'एक ऐतिहासिक नई उपलब्धि' बताया।

एक ही घर में मिली पांच लोगों की लाश, असमंजस में पुलिस

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां के संजय नगर स्थित मस्जिद के पास एक किराए के मकान से एक ही परिवार के पांच सदस्यों के शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद किए गए हैं। सामूहिक मौतों की इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। यह पूरी घटना रायपुर के टिकरापारा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संजय नगर इलाके की है। पुलिस को प्राथमिक तौर पर सामूहिक आत्महत्या का शक है और मामले की सघन जांच शुरू कर दी गई है। वेस्ट ज़ोन के एडिशनल डिप्टी कमिश्नर ऑफ़ पुलिस (DCP) राहुल देव शर्मा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों की पहचान 50 वर्षीय साजिद अली, उनकी पत्नी राबिया और उनके तीन बच्चों के रूप में की गई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर तफ्तीश कर रही है कि आखिर इस सामूहिक मौत के पीछे की असली वजह क्या है?

VYAPARI NETWORK
BANARAS | JAUNPUR
3
Years
OF VYAPARI NETWORK
• 3 Years of Connecting Businesses
• 300+ Members Strong
• ₹300 crore business
Desh ka Business Networking Platform
Grow, Connect, Succeed!
Team Varanasi
Team Kashi
Team Shiv
Team Varuna
Team Trishul
Team Shakti
Team Annapurna
Team Natraj
+91 95982 99996
follow on :

रोहित शर्मा फिलहाल संन्यास नहीं लेंगे

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज और कप्तान रोहित शर्मा के इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की खबरों पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने पूरी तरह विराम लगा दिया है। BCCI सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने साफ तौर पर कहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को लॉर्ड्स में होने वाला तीसरा वनडे मैच रोहित शर्मा का आखिरी मैच नहीं होगा। उन्होंने मीडिया में चल रही सभी अटकलों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि रोहित जब तक टीम के लिए उपयोगी हैं, तब तक देश के लिए खेलते रहेंगे।

सातवीं रात भी अमेरिका ने ईरान पर बरसाया बम

- जमीनी जंग हुई तो कुवैत और बहरीन में घुसेगा ईरान

हथियार भंडार और सैन्य ठिकानों को किया तबाह

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने दावा किया कि होर्मुज स्ट्रेट में दो तेल टैंकरों में विस्फोट हो गया। IRGC ने बताया कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की गलत जानकारी के कारण दोनों टैंकर समुद्र में बिछी माइंस से टकराने के बाद आग की चपेट में आ गए। जबकि अमेरिकी सेंट्रल कमांड (CENTCOM) ने इस दावे को झूठा बताया। वहीं, CENTCOM ने कहा कि उसने लगातार सातवीं रात ईरान के सैन्य ठिकानों, हथियार भंडार और समुद्री सैन्य क्षमताओं पर हमले किए। अल जजीरा के मुताबिक, इन हमलों में सीरिक, बुशेहर, बंदर अब्बास, केश्म द्वीप और यज्द को निशाना बनाया गया। उधर, ईरानी सांसद अहमद बख्शायेश अर्देस्तानी ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका ने जमीनी हमला किया, तो ईरान कुवैत और बहरीन में घुस जाएगा और वहां मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को तबाह कर देगा। दूसरी तरफ मध्य पूर्व में जारी भीषण संघर्ष के बीच ईरान ने अमेरिका को अब तक की सबसे गंभीर चेतावनी दी है।

ईरान ने 15 मिनट में 60 फाइटर जेट उड़ाए

तेहरान। अमेरिका और ईरान के बीच फिर से शुरू हुई जंग ने खतरनाक रूप अख्तियार कर लिया है। इस बार हमले इतने डेंजर हैं कि भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। कुछ घंटे पहले ईरान के कई ठिकानों को निशाना बनाते हुए अमेरिका ने स्ट्राइक की थी। इस हमले में भारत के निवेश वाले चाबहार पोर्ट के कंट्रोल टावर को तगड़ा नुकसान पहुंचा। जिसमें आठ लोगों की मौत हुई जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। लेकिन अब ईरान ने अमेरिका से ऐसा बदला लिया है कि जिसने ट्रंप को भी हिलाकर रख दिया है। पहली बार ईरान के रौद्र रूप को देखकर सब हैरान हैं।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 31.8°C
● तापमान न्यूनतम : 24.0°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 18 जुलाई, शनिवार, 2026 (2)



सोनम वांगचुक के समर्थन में कैंडल मार्च निकालते साझा संस्कृति मंच के सदस्य।

जनमुख डेस्क

गंगा में बढ़ाव से तटवर्ती इलाकों में टेंशन

● सुरक्षित ठिकानों की तलाश में जुटे लोग, प्रशासन ने कहा घबराने की कोई जरूरत नहीं

वाराणसी। पिछले कुछ दिनों से गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। इसका मुख्य कारण गंगा के ऊपरी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश और बैराजों से छोड़ा जा रहा अतिरिक्त पानी है। जलस्तर बढ़ने का असर सबसे पहले घाटों की निचली सीा-ढ़ियों पर दिखाई देता है, जहां स्नान, नौका संचालन और धार्मिक अनुष्ठान होते हैं। वाराणसी में आज सुबह का तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। हवा की रफ्तार 6 किलोमीटर प्रति घंटे हैं। वही नमी 70 प्रतिशत बनी हुई है। बीएचयू के मौसम वैज्ञानिक के अनुसार अगले 24 घंटे में मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। इधर गंगा के जलस्तर में अचानक बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे दशाश्वमेध घाट की कुछ सीढ़ियां डूब गई हैं। जलस्तर में आई इस तेजी से तटीय इलाकों के दुकानदारों और नाविकों की चिंता बढ़ गई है। केंद्रीय जल आयोग के मिडल गंगा डिवीजन के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार की सुबह 6 बजे वाराणसी स्टेशन पर गंगा का जलस्तर 60.53 मीटर रिकार्ड किया गया है। पानी बढ़ने के कारण ललिता घाट पर होने वाली गंगा आरती का स्थान बदल दिया गया है। लगातार बढ़ रहे जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। हालांकि, गंगा का जलस्तर अभी भी पिछले वर्ष की तुलना में कम है। पिछले वर्ष 16 जुलाई को यह 68.43 मीटर दर्ज किया गया था। नदी का चेतावनी स्तर 70.262 मीटर और खतरे का बिंदु 71.262 मीटर निर्धारित है। इस लिहाज से वर्तमान जलस्तर खतरे के निशान से करीब 11.90 मीटर नीचे बना हुआ है। प्रशासन का कहना है कि जलस्तर अभी पूरी तरह नियंत्रण में है और तटीय निवासियों के लिए फिलहाल कोई खतरे की स्थिति नहीं है। लेकिन पानी में बढ़ाव को लेकर तटवर्ती इलाकों में दहशत हावी होने लगी है। लोग सुरक्षित ठिकानों की जुगत में जुट गए हैं। यदि जलस्तर इसी रफ्तार से बढ़ता रहा तो अगले तीन-चार दिनों में गंगा तटवर्ती इलाकों तक पहुंच सकती हैं। ऐसे में गंगा के किनारे रहने वालों को बड़ी मुसीबत उठानी पड़ती है जिसके लिए वह अभी से तैयारी में जुट गए हैं।

नगर को जलभराव से बचाने के लिए छाता लेकर निकले नगर आयुक्त

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। जलभराव की संभावित समस्या को रोकने और आमजन को राहत देने के उद्देश्य से नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल छाता लेकर स्वयं सड़क पर उतर आए। शुक्रवार को तेज बारिश के दौरान नगर आयुक्त ने हाथ में छाता थामकर आंध्रापुल क्षेत्र सहित आसपास के कई संवेदनशील जलभराव वाले स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नालियों और गली पिट की कार्यप्रणाली का बारीकी से जायजा लिया, ताकि कचरे या किसी अन्य अवरोध के कारण पानी का निकास प्रभावित न हो। निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों से नगर आयुक्त ने मानसून के दौरान सभी संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।

आकाशवाणी से सहायक निदेशक का स्थानांतरण, प्रफुल्ल कुमार सिन्हा ने संभाला कार्यभार

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। आकाशवाणी महानिदेशालय, नई दिल्ली द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश के अनुपालन में आकाशवाणी वाराणसी में कार्यरत सहायक निदेशक (कार्यक्रम) एवं कार्यक्रम प्रमुख अशोक पांडेय का स्थानांतरण आकाशवाणी गोरखपुर में सहायक निदेशक (कार्यक्रम) के पद पर किया गया है। इसके उपरांत उन्होंने 17 जुलाई को आकाशवाणी वाराणसी में अपने दायित्वों का विधिवत कार्यभार सहायक निदेशक (कार्यक्रम) प्रफुल्ल कुमार सिन्हा को सौंप दिया। स्थानांतरण के अवसर पर आयोजित एक संक्षिप्त विदाई समारोह में केंद्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अशोक पांडेय के गोरखपुर में उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। इसी क्रम में सहायक निदेशक प्रफुल्ल कुमार सिन्हा ने वाराणसी में कार्यक्रम प्रमुख का कार्यभार ग्रहण किया।

दिल्ली की मुख्यमंत्री पहुंचीं काशी

● भाजपा पदाधिकारियों ने एयरपोर्ट पर किया स्वागत

वाराणसी। लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बाबतपुर पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता का आज शनिवार की दोपहर स्वागत किया। उन्होंने काशी आने पर काफी खुशी जाहिर की और पार्टी पदाधिकारियों के स्वागत पर आभार जताया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री रविंद्र जायसवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा अशोक चौरसिया, महानगर अध्यक्ष प्रदीप आग्रहरि, भाजपा जिला अध्यक्ष राम सकल पटेल, अपराजिता सोनकर, नम्रता चौरसिया, कुसुम पटेल, विनीता सिंह, उत्तम ओझा, विपिन पाठक, सुनीता सिंह व प्रोटोकॉल प्रभारी व क्षेत्र उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा काशी प्रांत शैलेश पाण्डेय आदि शामिल रहे।

पालतू कुत्ते के हमले में घायल युवक ने थाने में दी तहरीर

वाराणसी (चौबेपुर)। थाना क्षेत्र के अजांव गांव में पालतू कुत्ते के हमले में एक युवक घायल हो गया। पीड़ित ने कुत्ते के मालिक पर जानबूझकर कुत्ते से हमला कराने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अजांव गांव निवासी राजेश उपाध्याय ने बताया कि वह धान की रोपाई के लिए खेत जा रहे थे। इसी दौरान गांव के ही सतीश प्रजापति अपने पालतू कुत्ते को टहला रहे थे। आरोप है कि रास्ते से गुजरते समय कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया और उनके पैर में कई जगह काट लिया, जिससे वह घायल हो गए।

रिटायरमेंट से 13 दिन पहले घूस लेते गिरफ्तार हुआ कैंट थाने का क्लर्क

वाराणसी। कैंट थाने में तैनात उर्दू अनुवादक क्लर्क अब्दुल रहमान अंसारी को एंटी करप्शन संगठन की टीम ने शुक्रवार को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि उसने गुंडा एक्ट रजिस्टर से नाम हटाने के एवज में शिकायतकर्ता से रिश्वत मांगी थी। सेवानिवृत्ति से महज 13 दिन पहले हुई इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आरोपी के खिलाफ लालपुर-पांडेयपुर थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। पूछताछ में सामने आया कि उसने करीब 20 वर्ष पहले सेना से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) ली थी, जिसके बाद पुलिस विभाग में शामिल हुआ।

वांगचुक के समर्थन में निकाला कैंडल मार्च

साझा संस्कृति मंच की सभा में शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग

जनमुख डेस्क

● बार-बार पेपर लीक को लेकर सरकारी रीति-नीति पर उठाये सवाल

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग और अनशनरत वैज्ञानिक सोनम वांगचुक और छात्रनेता नेहा मनीष के समर्थन में वाराणसी में सभा एवं कैंडल मार्च निकाला गया। अंबेडकर पार्क कचहरी पर साझा संस्कृति मंच ने देश में गहराते शिक्षा संकट, लगातार हो रहे परीक्षा-पत्र लीक, शिक्षा के बढ़ते निजीकरण तथा लोकतांत्रिक आवाज़ों के दमन के खिलाफ जनसभा आयोजित करके मुखर विरोध दर्ज कराया। सभा के बाद कैंडल मार्च निकालकर बीजेपी सरकार की शिक्षा नीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाई गई। फादर आनंद ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक, भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितताएं, सरकारी स्कूलों को बंद करने की नीतियां, महंगी होती शिक्षा और नई शिक्षा नीति की विफलताओं ने करोड़ों छात्रों और युवाओं के भविष्य को असुरक्षित बना दिया है। ऐसी स्थिति में शिक्षा मंत्री का पद पर बने रहना नैतिक रूप से उचित नहीं है। इस मौके पर धनंजय त्रिपाठी, जागृति राही, नंद लाल मास्टर, अबु हाशमी, विनय राय मुन्ना, गगन, सिस्टर फ्लोरिन, गौरव, अनिल, फादर दयाकर, अबू आजमी, डॉ अनूप श्रमिक, नीति, जीतेन्द्र, महेंद्र, आदि उपस्थित रहे।

यूबीआई ने दिया ऋण खातों के एकमुश्त निपटाने का मौका

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। यूनियन समाधान योजना के अंतर्गत ऋण खातों के निपटान हेतु यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने एक विशेष कैंप का आयोजन आज क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी में किया है। ग्राहकों को राहत प्रदान करने एवं पुराने एनपीए खातों के शीघ्र निपटान के उद्देश्य से बैंक द्वारा यूनियन समाधान योजना लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत पात्र उधारकर्ताओं को रियायती शर्तों पर अपने ऋण खातों का एकमुश्त निपटान करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। बैंक ने सभी पात्र ऋणधारकों से अपील की है कि वे इस विशेष अवसर का लाभ उठाते हुए संबंधित एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने शाखा से संपर्क करें तथा इस योजना का लाभ उठाए।

जनमुख डेस्क

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com

घूसखोर जीएसटी डिप्टी कमिश्नर को पकड़वाने वाले व्यापारी के समर्थन में उतरा व्यापारी समाज

जनमुख डेस्क

● बैठक में विशेश्वरगंज-भैरोनाथ व्यापार मंडल की बैठक में बढ़ाया हौसला

ाराणसी (जनमुख डेस्क)। विशेश्वरगंज भैरवनाथ व्यापार मंडल की एक आपात बैठक कार्यालय पर प्रतीक कुमार गुप्ता अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में GST डिप्टी कमिश्नर अंबिका जो कि एक व्यापारी से फाइल निस्तारण हेतु रिश्वत लेती हुई रंगे हाथों पकड़ी गई समाचार के अनुसार उन पर कार्रवाई चल रही है। इसी तरह से जीएसटी विभाग के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों का दोहन शोषण किया जा रहा है। हैरतअंगेज यह भी है कि इनकी शिकायत उच्च अधिकारियों से करने पर पूरा महकमा शिकायत करने वाले व्यापारी के पीछे पड़ जाता है। उसे प्रताड़ित करने के रोज नये-नये तरीके तलाश किए जाते हैं। सरकार कितना भी विकसित भारत स्टार्टअप भारत का नारा बुलंद करे अफसर शाही उसमें पलीता लगा ही देते हैं। जिस व्यापारी बंधु ने साहस कर अधिकारी को पकड़वाकर एक नजीर पेश किया है व्यापार मंडल उनके साथ है उन पर किसी तरह का अधिकारियों का दबाव सुलह आदि के लिए बनाया जायेगा तो विरोध में व्यापार मंडल पूरी तरह से उनके साथ है।

कल से चलेगी छेरहटा-वाराणसी एक्सप्रेस

वाराणसी। प्रधानमंत्री के हाथों जालंधर में उद्घाटित छेहरटा-वाराणसी एक्सप्रेस का नोटिफिकेशन भी रेलवे बोर्ड ने जा-री कर दिया। 19 जुलाई को नियमित रूप से यात्रियों की सेवा में समर्पित यह ट्रेन छेहरटा से वाराणसी के लिए 14624 नंबर से रवाना होगी। यही ट्रेन वाराणसी से 20 जुलाई को 14623 नंबर से छेहरटा के लिए रवाना होगी। धार्मिक पर्यटन के लिहाज से कई राज्यों को जोड़ने वाली उद्घाटित ट्रेन का वाराणसी में संत रविदार आश्रम के अनुयायी वाराणसी जंक्शन पर भव्य स्वागत करेंगे। स्टेशन डायरेक्टर अर्पित गुप्ता ने बताया कि ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर आठ या नौ पर पहुंचेगी। छेहरटा, अमृतसर, जालंधर सिटी जंक्शन, लुधियाना, अंबाला कैंट जंक्शन, सहारनपुर जंक्शन, मुरादाबाद जंक्शन, बरेली जंक्शन, शाहजहांपुर जंक्शन, लखनऊ, सुल्तानुपर जंक्शन, जौनपुर सिटी, वाराणसी जंक्शन पर इसका ठहराव होगा।

रोटरी क्लब सेंट्रल वाराणसी ने रथयात्रा मेले में शुरू की जल सेवा

जनमुख डेस्क

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। भारतीय संस्कृति, सेवा और आस्था की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल द्वारा भगवान जगन्नाथ की पावन रथयात्रा के शुभ अवसर पर प्याऊ सेवा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्षा रोटेरियन डॉ. रितु गर्ग ने कहा कि रोटरी का मूल उद्देश्य 'Service Above Self' की भावना के साथ समाज की निस्वार्थ सेवा करना है। भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा सेवा, समर्पण और लोककल्याण का संदेश देती है तथा इसी भावना से क्लब द्वारा प्रत्येक वर्ष श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सेवा कार्य किए जाते हैं। इस

पूर्वोत्तर रेलवे

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य,** वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिए ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से एकल ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **ई-निविदा सूचना सं. एवं निविदा कार्य का विवरण: टेण्डर नं.: "14-जीकेपी-एमडब्ल्यूएस-2026-27"** "एसएस-II शेड्यूल मेंटेनेंस ऑफ ऑटोमेटिक प्लग डोर सिस्टम ऑफ वन्दे भारत रेक (आईसी-2023 एंड आईसी-2024) एट मैकेनिकल वर्कशॉप-गोरखपुर"। **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹87,26,581.44; **धरोहर राशि (₹ में):** ₹1,74,500/-; **निविदा समापन की तिथि एवं अवधि:** 08.08.2026 को 11:00 बजे; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** ₹ शून्य। **संविदा की अवधि:** 12 माह। उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या **http://www.ireps.gov.in** पर देखें।

उप मुख्य यांत्रिक इंजी०/कार्य
मुजाधि/यांत्रिक-55 गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

Evil Dead Full Movie Review | ज्यादा खून-खराबा, डर कम...

अगर सिनेमाई पर्दे पर इंसानों को बेरहमी से काटने-छांटने और तड़पाने के नए व अजीबोगरीब तरीके खोजने की कोई प्रतियोगिता होती, तो 'इविल डेड बर्न' निश्चित रूप से गोल्ड मेडल जीतती। फिल्म शुरू होने के कुछ ही मिनटों के भीतर शरीर के अंग हवा में उड़ने लगते हैं, हड्डियां चटकती हैं, मांस उधड़ता है और स्क्रीन पर इतना खून बहता है कि कोई पूरा ब्लड बैंक भी कम पड़ जाए। लेकिन दिक्कत यही है—एक घंटे तक लगातार ऐसा भयावह कत्लेआम देखने के बाद आप डरना या सिहरना बंद कर देते हैं। दिमाग सुन्न हो जाता है और आप बस इस तबाही के खत्म होने का इंतज़ार करने लगते हैं।

फिल्म शुरू होने के कुछ ही मिनटों के भीतर शरीर के अंग हवा में उड़ने लगते हैं, हड्डियां चटकती हैं, मांस उधड़ता है और स्क्रीन पर इतना खून बहता है कि कोई पूरा ब्लड बैंक भी कम पड़ जाए।

'इविल डेड' फ्रैंचाइज़ी की फिल्में कभी भी बहुत सलीके वाली या छुपी हुई नहीं रही हैं। सैम राइमी की कल्ट क्लासिक फिल्मों की यूएसपी ही यही थी—अति का खून-खराबा, भद्दी जुबान बोलने वाली बुरी आत्माएं और सबसे बढ़कर, एक कमाल का डार्क ह्यूमर (अजीबोगरीब कॉमेडी)। पहले की फिल्मों में जब किसी को चेनसा (आरी) से दो हिस्सों में काटा भी जाता था, तो उस पागलपन में एक एंटरटेनमेंट और मज़ा होता था। मेकर और दर्शक दोनों जान-ाते थे कि यह एक मजेदार हॉरर राइड है। अफ़सोस, सेबेस्टियन वैनिएक के निर्देशन में बनी 'इविल डेड बर्न' वह मज़ाक और मिजाज ही भूल गई है।

कमजोर माइथोलॉजी और बिखरी कहानी

फिल्म की कहानी एलिस (सोहेला याकूब) के इर्द-गिर्द घूमती है। वह एक दुखी विधवा है, जो न चाहते हुए भी अपने दिवंगत पति के परिवार से मिलने उनके एक सुनसान पुश्तैनी घर पहुंचती है। हॉरर फिल्मों के घिसे-पिटे फॉर्मूले के तहत, यहाँ एक रहस्यमयी अटारी है, घर का एक डरावना अतीत है, किरदारों के अपने-अपने राज़ हैं और फिर उम्मीद के मुताबिक, सब लोग बेहद घिनौने तरीके से मरने लगते हैं।

इस फ्रैंचाइज़ी की सबसे बड़ी ताकत इसकी अपनी एक अनूठी 'माइथोलॉजी' (भूत-प्रेतों और बुराई का इतिहास) रही है, जिसे यहाँ पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है, जो दर्शकों को झुंझलाता है। फिल्म यह बताने में नाकाम रहती है कि आखिर इन राक्षसी ताकतों या 'डेडाइट्स' को वापस क्यों और कैसे बुलाया गया। मेकर्स मानकर चल रहे हैं कि दर्शक बिना वजह जाने बस इस अफरातफरी को स्वीकार कर लें।

कत्लेआम की अति, पर हॉरर गायब

तकनीकी तौर पर फिल्म में किसी भी चीज़ की कसर नहीं छोड़ी गई है। हर अगला सीन पिछले से ज़्यादा खूंखार बनाने की कोशिश की गई है। अगर एक डेडाइट किसी का चेहरा कुचल रहा है, तो दूसरा किसी के शरीर को ऐसे फाड़ रहा है जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते। घर के रोजमर्रा के सामान हत्या के हथियार बन जाते हैं। जो लोग शुद्ध रूप से 'स्लैशर' या 'गोर' (उदा) सिनेमा के दीवाने हैं, उनके लिए यह शायद किसी स्वर्ग जैसा हो, लेकिन आम दर्शकों के लिए यह सिरदर्द और थका देने वाला अनुभव बन जाता है। समस्या फिल्म की हिंसा नहीं, बल्कि यह है कि हिंसा ही इस फिल्म की पूरी पहचान बन गई है। जब भी स्क्रीनप्ले दुख, अपराध-बोध या टूटे पारिवारिक रिश्तों जैसे इमोशनल पहलुओं को छूने की कोशिश करता है, उससे पहले ही कोई न कोई किरदार बुरी आत्मा के वश में हो जाता है और मार-काट शुरू हो जाती है।

परफॉर्मेंस और डेडाइट्स में फीकापन

मुख्य अभिनेत्री सोहेला याकूब ने इस खूनी खेल के बीच अपने किरदार में थोड़ी इंसानियत और भावनाएं लाने की पूरी कोशिश की है। लेकिन वह ज्यादातर समय अपने आस-पास हो रहे नरसंहार को देखकर सिर्फ सदमे में ही नजर आती हैं। जब स्क्रिप्ट किरदारों को विकसित करने के बजाय स्क्रीन पर आँखें फोड़ने जैसे दृश्यों में ज्यादा दिलचस्पी रखे, तो कोई भी कलाकार भला क्या ही कर सकता है।

फिल्म के विलेन यानी 'डेडाइट्स' भी अधूरे लगते हैं। इस फ्रैंचाइज़ी के राक्षस हमेशा से डरावने होने के साथ-साथ थोड़े व्यंग्यात्मक, नाटकीय और मजे लेकर क्रूरता करने वाले रहे हैं। लेकिन 'इविल डेड बर्न' में वे सिर्फ चीखने-चिल्लाने वाली हत्यारी मशीनें बनकर रह गए हैं। उनमें वह यादगार विलेनिक व्यक्तित्व गायब है। नतीजा यह होता है कि कुछ समय बाद हर हत्या एक जैसी लगने लगती है, शॉक वैल्यू खत्म हो जाती है और कोई इमोशनल जुड़ाव नहीं बन पाता।

विजुअल्स और प्रैक्टिकल इफेक्ट्स हैं लाजवाब

ऐसा नहीं है कि फिल्म पूरी तरह खराब है। फिल्म तब सबसे शानदार लगती है जब यह जबरदस्ती डराने की कोशिश छोड़कर थोड़ा थ्रिल पैदा करती है। कार वाला एक एक्शन सीक्वेंस कहानी में गजब का तनाव और रफ्तार लाता है। निर्देशक वैनिएक ने कुछ बेहतरीन 'लॉन्ग टेक्स' (बिना कट के लंबे सीन) फिल्माए हैं, जो उनके विजुअल हुनर को दिखाते हैं। कैमरा खून से सने गलियारों में बेहद आत्मविश्वास के साथ घूमता है, जो इशारा करता है कि इस मार-काट के पीछे एक बेहतरीन हॉरर फिल्म छिपी थी, जिसे स्क्रिप्ट ने दबा दिया।

इसके अलावा, आज के दौर में जहां हर जगह कंप्यूटर ग्राफिक्स का इस्तेमाल होता है, इस फिल्म में पुराने ज़माने के 'प्रैक्टिकल इफेक्ट्स' और मेकअप का जो अद्भुत व घिनौना तालमेल दिखाया गया है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
Govt Regd. Estd, 1948
डॉ. राना
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS
MENS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
वृंदली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न उपचार विशेषज्ञ, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

प्रियंका चोपड़ा के जन्मदिन पर राजामौली का बड़ा धमाका! 'वाराणसी' से 'मंदाकिनी' का बेहद दमदार फर्स्ट लुक आउट

निर्देशक एस.एस. राजामौली ने खुद अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर प्रियंका चोपड़ा के इस नए और प्रभावशली लुक की तस्वीरें साझा कीं। राजामौली ने कुल दो तस्वीरें पोस्ट की हैं, जो प्रियंका के किरदार के दो अलग-अलग पहलुओं को दर्शाती हैं।

ग्लोबल आइकॉन प्रियंका चोपड़ा के 44वें जन्मदिन के खास मौके पर उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वाराणसी' के मेकर्स ने फैंस को एक बेहद शानदार तोहफा दिया है। दिग्गज फिल्ममेकर एस.एस. राजामौली ने इस मेगा-बजट एपिक फिल्म से प्रियंका चोपड़ा का 'मंदाकिनी' के रूप में पहला आधिकारिक लुक जारी कर दिया है, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है।

राजामौली ने शेयर कीं दो विरोधाभासी तस्वीरें

निर्देशक एस.एस. राजामौली ने खुद अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर प्रियंका चोपड़ा के इस नए और प्रभावशली लुक की तस्वीरें साझा कीं। राजामौली ने कुल दो तस्वीरें पोस्ट की हैं, जो प्रियंका के किरदार के दो अलग-अलग पहलुओं को दर्शाती हैं। पहली तस्वीर में प्रियंका काले रंग के लिबास में बेहद आक्रामक और गुस्से से भरे लुक में नजर आ रही हैं, जबकि दूसरी तस्वीर में वह बेहद शालीनता से मुस्कुराती और खुशी से झूमती हुई दिख रही हैं। प्रियंका के इस फर्स्ट लुक को शेयर करते हुए राजामौली ने कैप्शन में लिखा: 'जब वह मुस्कुराती हैं, तो वह सौम्य होती हैं; जब नहीं, तो वह आग की तरह होती हैं। 'वाराणसी' में मंदाकिनी के तौर पर प्रियंका चोपड़ा।'

प्रियंका के फैंस के लिए जन्मदिन का तोहफा

प्रियंका चोपड़ा का यह नया लुक उनके जन्मदिन के मौके पर जारी किया गया। कैप्शन से मंदाकिनी के किरदार के लिए राजामौली के विज़न की झलक मिलती है, जिसमें शालीनता और ताकत का मेल दिखता है। फिल्म की कहानी की डिटेल्स बताने के बजाय, फिल्ममेकर ने उनके अलग-अलग पहलुओं को उजागर करने का फैसला किया, जिससे पता चलता है कि यह किरदार कमज़ोरी और अटूट ताकत के बीच संतुलन बनाता है।

प्रियंका का लुक दमदार और असरदार है, जो एक गहरे और ताकतवर किरदार की ओर इशारा करता है। मंदाकिनी को एक ज़बरदस्त और दुनिया भर में घूमने वाली शख्सियत के तौर पर दिखाया गया है, जो मज़बूत, संवेदनशील और यादगार है। खबरों के मुताबिक, फिल्म की कहानी में यह किरदार अहम भूमिका निभाता है।

'वाराणसी' की कहानी

'वाराणसी' एस.एस. राजामौली की अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक होने वाली है, जिसमें साइंस फिक्शन, टाइम ट्रैवल और भारतीय पौराणिक कथाओं का ग्लोबल लेवल पर मेल देखने को मिलेगा। फिल्म में महेश बाबू मुख्य भूमिका यानी रुद्र का किरदार निभा रहे हैं, जो भगवान शिव के परम भक्त हैं, साथ ही फिल्म के एक हिस्से में वह भगवान राम के रूप में भी नज़र आएंगे। कहानी एक शक्तिशाली कॉस्मिक चीज़ को हासिल करने के लिए सदियों और महाद्वीपों में फैले उनके खतरनाक सफ़र के इर्द-गिर्द घूमती है।

हालाँकि, उनके मिशन में तब एक बड़ा मोड़ आता है जब उन्हें पृथ्वीराज सुकुमारन द्वारा निभाए गए कुंभ के असली इरादों का पता चलता है, जो उस चीज़ का इस्तेमाल करके दुनिया जीतना चाहता है। 7200 BCE से 2071 तक के समय को समेटने वाली इस एपिक फिल्म में रामायण से प्रेरित 30 मिनट का एक अहम हिस्सा है। यह दर्शकों को अंटार्कटिका के बर्फीले इलाकों और अफ्रीका के जंगलों से लेकर आध्यात्मिक शहर वाराणसी तक की यात्रा पर ले जाती है। 'वाराणसी' को 7 अप्रैल, 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज़ किया जाना है।

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पूरी MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ब-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी MBBS,DPM, MD Neuropsychiatrist
मानसिक रोग विशेषज्ञ

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव M.B.B.S., M.S., M.Ch.(Ortho)
डा. आरती दिव्या M.B.B.S., M.S., (Gyn.) MCH
X-ray in 250 Only | Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170